Code No. **98**
कोड नं.

- Please check that this question paper contains 5 printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains 24 questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 5 हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 24 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

ENTREPRENEURSHIP
उद्यमिता

Time allowed : 3 hours *Maximum Marks : 70*
निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 70*

General Instructions :

(i) ***All*** *questions are compulsory.*

(ii) Marks are indicated against each question.

(iii) Question Nos. ***1*** *to* ***5*** *are very short answer questions carrying* ***1*** *mark each. Answer to each of these should not exceed* ***15*** *words.*

(iv) Question Nos. ***6*** *to* ***10*** *are short answer questions carrying* ***2*** *marks each. Answer to each of these should not exceed* ***50*** *words.*

(v) Question Nos. ***11*** *to* ***17*** *are short answer questions carrying* ***3*** *marks each. Answer to each of these should not exceed* ***75*** *words.*

(vi) Question Nos. ***18*** *to* ***21*** *are short answer questions carrying* ***4*** *marks each. Answer to each of these should not exceed* ***150*** *words.*

(vii) Question Nos. ***22*** *to* ***24*** *are long answer questions carrying* ***6*** *marks each. Answer to each of these should not exceed* ***250*** *words.*

सामान्य निर्देश :

(i) ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं।*

(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(iii) प्रश्न संख्या ***1*** *से* ***5*** *अति लघु उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं। इनमें प्रत्येक प्रश्न* ***1*** *अंक का है। इनमें से प्रत्येक का उत्तर* ***15*** *शब्दों से अधिक न हो।*

(iv) *प्रश्न संख्या **6** से **10** लघु उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं। इनमें प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है। इनमें से प्रत्येक का उत्तर **50** शब्दों से अधिक न हो।*

(v) *प्रश्न संख्या **11** से **17** लघु उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं। इनमें प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। इनमें से प्रत्येक का उत्तर **75** शब्दों से अधिक न हो।*

(vi) *प्रश्न संख्या **17** से **21** लघु उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं। इनमें प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है। इनमें से प्रत्येक का उत्तर **150** शब्दों से अधिक न हो।*

(vii) *प्रश्न संख्या **22** से **24** दीर्घ उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं। इनमें प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है। इनमें से प्रत्येक का उत्तर **250** शब्दों से अधिक न हो।*

1. Name the document which provides details of project cost, means of finance and other financial calculations to be supplied to different agencies. 1

उस प्रपत्र का नाम बताइए जो विभिन्न एजेन्सियों को प्रदान की जाने वाली परियोजना लागत, वित्त के साधन और अन्य वित्तीय गणनाओं का विस्तृत वर्णन करता है।

2. Name the process of converting an idea into an opportunity in an enterprise. 1

उस प्रक्रिया का नाम बताइए जो एक विचार को उद्यम के सुअवसर में परिवर्तित कर देती है।

3. A company uses 40 units of an item per day and the order lead time is 10 days. When should a new order be placed ? 1

एक कम्पनी प्रतिदिन एक मद की 40 इकाइयों का उपयोग करती है और अग्रिम-आदेश समय 10 दिन है। एक नया आदेश कब दिया जाना चाहिए ?

4. When should an enterprise go for public financing ? 1

एक उद्यम को सार्वजनिक वित्त हेतु कदम कब उठाना चाहिए ?

5. How does marketing orientation help the entrepreneur ? 1

विपणन-परिचय किस प्रकार एक उद्यमी की सहायता करता है ?

6. Identify an entrepreneurial opportunity in the current environment and list any two environmental factors which will help you in scanning. 2

वर्तमान वातावरण में से एक उद्यमवृत्तिक सुअवसर की पहचान कीजिए और ऐसे किन्हीं दो वातावरण तत्त्वों की सूची बनाइए जिनके द्वारा वातावरण के सूक्ष्म अवलोकन में आपको सहायता मिली।

7. Explain in brief 'Economic Viability' and 'Marketability' as elements of a Project Report. 2

परियोजना प्रतिवेदन के तत्त्व के रूप में 'आर्थिक व्यवहार्यता' तथा 'विपणीयता' को संक्षेप में समझाइए।

8. Explain in brief how equity funds are obtained. 2

समता-कोष किस प्रकार प्राप्त किए जाते हैं, संक्षेप में समझाइए।

9. Define a 'Bank overdraft' 2

'बैंक अधिविकर्ष' को परिभाषित कीजिए।

10. Name any four National-level specialised financial institutions. 2
राष्ट्र-स्तरीय किन्हीं चार विशेषीकृत वित्तीय संस्थाओं के नाम बताइए।

11. Explain in brief any three different sources from which basic ideas emerge. 3
ऐसे किन्हीं तीन विभिन्न स्रोतों को संक्षेप में समझाइए जिनसे आधारभूत विचार प्रकट होते हैं।

12. Explain in brief 'Brainstorming' and 'Market research' as ways of generating ideas. 3
विचारों की उत्पत्ति के उपायों के रूप में 'मानसिक क्रान्ति (ब्रेनस्टॉरमिंग)' तथा 'बाजार अनुसंधान' को संक्षेप में समझाइए।

13. State any three objectives of preparing the Project Report. 3
एक परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने के किन्हीं तीन उद्देश्यों को बताइए।

14. Explain in brief any three types of resources that have to be considered by an entrepreneur while setting up a small scale enterprise. 3
एक लघु पैमाने के उद्यम की स्थापना करते समय एक उद्यमी द्वारा ध्यान में रखे जाने वाले कोई तीन प्रकार के संसाधनों को संक्षेप में समझाइए।

15. Define 'cost'. Name the major elements that determine the cost. 3
'लागत' को परिभाषित कीजिए। उन मुख्य तत्त्वों का नाम बताइए जो लागत का निर्धारण करते हैं।

16. Differentiate between 'Owner's fund' and 'Borrowed fund' on the basis of the following : 3
(i) Fixed obligations
(ii) Permanence
(iii) Risk capital

निम्नलिखित के आधार पर 'स्वामित्व कोष' तथा 'ऋण कोष' में अन्तर्भेद कीजिए :
(i) निश्चित दायित्व
(ii) स्थायित्व
(iii) जोखिम पूँजी

17. Explain in brief any three factors to be kept in mind while formulating a financial plan. 3
एक वित्तीय योजना बनाते समय ध्यान में रखे जाने वाले किन्हीं तीन तत्त्वों को संक्षेप में समझाइए।

18. Explain the four decisions which have to be taken under 'Material Resources' by any enterprise. 4
किसी उद्यम द्वारा 'सामग्री संसाधनों' के अन्तर्गत लिए जाने वाले चार निर्णयों को समझाइए।

19. Enumerate any eight features of a feasibility plan. 4

OR

Enumerate any eight steps that need to be taken to develop a good human resource.
एक सम्भाव्यता-योजना के किन्हीं आठ लक्षणों की गणना कीजिए।

अथवा

एक अच्छे मानवीय संसाधन का विकास करने के लिए किन्हीं आठ आवश्यक चरणों की गणना कीजिए।

20. Explain 'Credit Credibility' and 'Healthy Competition' as social responsibilities of an entrepreneur. 4

एक उद्यमी के सामाजिक उत्तरदायित्व के रूप में 'उधार-विश्वसनीयता' तथा 'स्वस्थ प्रतियोगिता' को समझाइए।

21. Mr. Harish is a small entrepreneur involved in the manufacture of domestic irons. He finds that the total cost of production of one unit of Iron is Rs. 1,000. He decides to have a margin of 10% as profit. Determine the sale price of the iron. Which method of pricing has he followed ? Explain the method. 4

श्री हरीश एक लघु उद्यमी है, जो घरेलू-प्रेस निर्माण कार्य में संलग्न है। वह पाता है कि एक प्रेस को बनाने की कुल उत्पादन लागत 1,000 रु. है। उसने निर्णय लिया कि लाभ की मात्रा 10% है। प्रेस का विक्रय मूल्य निर्धारित कीजिए। उसने मूल्य-निर्धारित करने की किस विधि को अपनाया है ? उस विधि को समझाइए।

22. Explain any six idea-fields which act as convenient frames of reference for an entrepreneur at the time of generating ideas. 6

OR

Explain any six steps which help in identifying a feasible product or process.

ऐसे किन्हीं छः विचार-क्षेत्रों का उल्लेख कीजिए जो विचारों की उत्पत्ति के समय एक उद्यमी के लिए सुविधाजनक संदर्भ ढाँचे के रूप में कार्य करें।

अथवा

एक सम्भाव्य उत्पाद या प्रक्रिया की पहचान करने में सहायता प्रदान करने वाले किन्हीं छः चरणों का उल्लेख कीजिए।

23. Explain any three factors that influence the growth of an enterprise. 6

OR

Explain any three' activities which help in sustaining the growth of an enterprise.

एक उद्यम की वृद्धि को प्रभावित करने वाले किन्हीं तीन तत्त्वों को समझाइए।

अथवा

एक उद्यम के विकास को कायम रखने में सहायता प्रदान करने वाली किन्हीं तीन क्रियाओं को समझाइए।

24. A factory is engaged in manufacturing plastic buckets. The following information is available to you :

Sales = Rs. 1,00,000
Direct labour cost (1000 units) = Rs. 10,000
Direct material cost (1000 units) = Rs. 25,000
Direct expenses (1000 units) = Rs. 5,000
Fixed cost = Rs. 30,000

Find out :

(i) Variable cost per unit,
(ii) Total cost, and
(iii) Break-even point

Also show as to how at Break-even point, Total Revenue is equal to Total Cost. 6

एक कारखाना प्लास्टिक की बाल्टियों का निर्माण कर रहा है। आपको निम्नलिखित सूचना उपलब्ध है :

विक्रय = 1,00,000 रु.

प्रत्यक्ष श्रम लागत (1000 इकाइयाँ) = 10,000 रु.

प्रत्यक्ष सामग्री लागत (1000 इकाइयाँ) = 25,000 रु.

प्रत्यक्ष व्यय (1000 इकाइयाँ) = 5,000 रु.

स्थायी लागत = 30,000 रु.

निम्नलिखित की गणना कीजिए :

(i) प्रति इकाई परिवर्तनीय लागत,

(ii) कुल लागत, तथा

(iii) सम-विच्छेद बिन्दु।

यह भी दिखाइए कि सम-विच्छेद बिन्दु पर किस प्रकार कुल आगम तथा कुल लागत बराबर होते हैं।